आन मिलो मोहे राम

आन मिलो मोहे राम, राम मेरे ।
मन व्याकुल है, तन बेसुध है,
अँखिओं में आ गए प्राण ॥

तुम तो दुःख में छोड़ गए हो, तोड़ के हमसे नाता,
मेरे लिए रघुवीर तुम्ही हो पिता बंधू और माता ।
तुम ही नहीं तो मेरा जीवन आएगा किस काम ॥
आन मिलो मोहे राम, राम मेरे...

जिस पथ से तुम चले उसी के कण कण बने सितारे,
हमसे तो पत्थर अच्छे जो चूमे चरण तिहारे ।
हम ही एक अभागे जिनसे दूर रहे तुम राम ॥
आन मिलो मोहे राम, राम मेरे...

स्वर : मन्ना डे

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/1083/title/aan-milo-mohe-raam-raam-mere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |